jabalpur anchal patrika

पत्रिका . जबलपुर . शनिवार . 03 दिसंबर 2011

सुविधा

कम्प्यूटर शाखा में एसडीएम ने किया शुभारंभ

कम्प्यूटराइज्ड मिलेगी नक्शे की नकल

शुभारंभ

कम्प्यूटराइज्ड नक्शे की नकल का शुभारभ करते एसडीएम अमित तोमर।

पत्रिका फोटो

सिहोरा

jabalpur@patrika.com

ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के लोगों को अब नक्शे की नकल के यहा-वहां नहीं भटकना पड़ेगा। नक्शे की नकल के अब एसडीएम कार्यालय के कम्प्यूटर शाखा में कम्प्यूटराइज्ड नक्शे की नकल तुरंत मिल जाएगी। शुक्रवार को एसडीएम अमित तोमर ने नक्शे की कम्प्यूटराइज्ड नकल व्यवस्था का शुभारंभ किया। अब तक नक्शे की नकल के पटवारी के लेना पड़ती थी, जिससे उनका समय नष्ट होता था। इस सुविधा के शुरू हो जाने से पूरी सिहोरा तहसील के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

160 गांवों के खातेदार होंगे शामिल

कम्प्यूटराइज्ड नकल की सुविधा से लाभ सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। इसमें सिहोरा तहसील के 160 गांव और नगर क्षेत्र के लोग शामिल रहेंगे। दूर गांव से आने वाले लोग नक्शे की नकल के लिए पटवारियों के चक्कर लगाना पड़ता था, जिससे उन्हें मुक्ति मिल जाएगी। छोटे-छोटे कामों के जमीन के नक्शे की नकल की आवश्यकता पड़ती थी। इस सुविधा के शुरू हो जाने से वे चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी।

कैसे मिलेगी कम्प्यूटराज्ड नकल

एक दिवसीय समाधान आउटलेट के तहत जो भी अपनी जमीन की नकल निकलवाना चाहता है वह मौके पर आवेदन-पत्र लेकर भरकर समाधान में जमा करेगा। फार्म खसरा नंबर आवेदक का नाम, रकबा भरना पड़ेगा। शाम पांच बजे तक आवेदन को नक्शे की कम्प्यूटराज्ड नकल मिल जाएगी। सुविधा के शुभारंभ अवसर पर तहसीलदार जेपी यादव, आपरेटर संतोष दुबे एवं कृषक दिलीप दानी उपस्थित थे। *(पत्रिका रिपोर्टर)*